भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या- *217

सोमवार, 3 अगस्त, 2026/12 श्रावण, 1948 (शक)

राष्ट्रीय करियर सेवा से संबंधित पोर्टल

*217. **श्रीमती कमलजीत सहरावत:**
श्री प्रताप चंद्र षड़ङ्गी:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) द्वारा सेवाएं प्रदान किए जाने से संबंधित स्थिति में सुधार लाने के लिए सरकार द्वारा निजी और सरकारी भागीदारों के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापनों (एमओयू) का ब्यौरा क्या है;

(ख) एनसीएस पोर्टल के अंतर्गत उन्नत सुविधाओं और सृजित वास्तविक रोजगार का ब्यौरा क्या है;

(ग) इस पोर्टल के उपयोग को बढ़ावा देने में मॉडल करियर केन्द्रों (एमसीसी) की भूमिका का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सभी राज्य रोजगार कार्यालयों/राज्य करियर सेवाओं का डिजिटलीकरण करके उन्हें उक्त पोर्टल के साथ एकीकृत कर दिया गया है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

श्रम और रोजगार मंत्री

(डॉ मनसुख मांडविया)

(क) से (ङ): एक विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

*

"राष्ट्रीय करियर सेवा से संबंधित पोर्टल" के संबंध में सांसद श्रीमती कमलजीत सहरावत एवं श्री प्रताप चंद्र षड़ङ्गी द्वारा दिनांक 03.08.2026 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *217 के उत्तर में संदर्भित विवरण

(क) से (ङ): मंत्रालय ने कई सार्वजनिक और निजी नियोक्ताओं/पोर्टलों/प्लेटफ़ॉर्मों के साथ समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं ताकि सभी रोजगार चाहने वालों के लिए रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी को सुदृढ़ बनाया जा सके। अब तक, कई भागीदारों जैसे अपना, स्विगी, रैपिडो, ज़ोमैटो, अमेज़न, टीसीएस आईओएन, क्विकर और फाउंडइट (मॉन्स्टर) सहित 40 से अधिक अन्य कई भागीदारों के साथ समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इन समझौतों से एनसीएस पोर्टल पर रोजगार के अवसरों तथा रिक्तियों के एकत्रीकरण, रोजगार मेलों के आयोजन, कौशल विकास कार्यक्रमों, करियर परामर्श तथा रोजगार से संबंधित अन्य सहायक सेवाओं के एकीकरण में सहायता मिलती है।

एनसीएस पोर्टल को विभिन्न सरकारी पोर्टलों जैसे उद्यम, ई-श्रम, स्किल इंडिया डिजिटल हब, ईपीएफओ, ईएसआईसी, एमएचआरडी, डिजिलॉकर आदि के साथ भी एकीकृत किया गया है तथा संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग, कृषि वैज्ञानिक भर्ती बोर्ड, रेलवे भर्ती बोर्ड आदि सरकारी भर्ती निकायों से भी जोड़ा किया गया है।

एनसीएस पोर्टल को क्लाउड-आधारित, ओपन-आर्किटेक्चर प्लेटफ़ॉर्म में उन्नत किया गया है, और इसका संवर्द्धन एक सतत एवं गतिशील प्रक्रिया है। नवीनतम उपलब्ध प्रौद्योगिकियों का उपयोग करते हुए, बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप इसमें निरंतर सुधार और अद्यतन किए जाते हैं। इन उन्नयनों में विभिन्न सार्वजनिक एवं निजी नौकरी और कौशल पोर्टलों के साथ एकीकरण, उन्नत एआई-संचालित सुविधाएँ (इंटेलिजेंट जॉब मैचिंग, एआई कौशल-अंतर विश्लेषण, व्यक्तिगत नौकरी अनुशंसाएँ, एआई इंटरव्यू कोच, भाषिणी के माध्यम से बहुभाषी सहायता आदि सहित), नौकरी चाहने वालों और नियोक्ताओं के लिए क्लाउड-आधारित अनुप्रयोग, मजबूत सत्यापन तंत्र तथा आगमता और उपयोगकर्ता अनुभव को बेहतर बनाने के लिए मोबाइल एप्लिकेशन का शुभारंभ शामिल है।

एनसीएस पोर्टल देश के नौकरी चाहने वालों और नियोक्ताओं को एक मंच पर लाता है, ताकि नौकरी चाहने वालों को रोजगार के अवसर और करियर से संबंधित सेवाएँ उपलब्ध कराई जा सकें। हालांकि, भर्ती के आँकड़ों की अंतिम सूचना देना एनसीएस पोर्टल पर अनिवार्य नहीं है।

एनसीएस परियोजना के अंतर्गत अन्य बातों के साथ-साथ, देश के रोजगार कार्यालयों को रूपांतरित कर मॉडल करियर केंद्र स्थापित करने की परिकल्पना की गई थी, ताकि राज्य सरकारों और अन्य संस्थानों के सहयोग से स्थानीय स्तर पर ऑनलाइन/ऑफ़लाइन रोजगार मेलों के आयोजन, नियोक्ताओं को जोड़ना, ऑनलाइन/ऑफ़लाइन करियर परामर्श प्रदान करने इत्यादि करियर-संबंधी सेवाएँ जनसंपर्क गतिविधियों के माध्यम से नौकरी चाहने वालों और नियोक्ताओं तक पहुँचाई जा सकें। अब तक सरकार ने 407 मॉडल करियर केंद्रों (एमसीसी) को स्वीकृति प्रदान की है, जिनमें 370 ऐसे रोजगार कार्यालय भी शामिल हैं जिन्हें एमसीसी के रूप में उन्नत किया गया है।

इसके अतिरिक्त, वर्तमान तिथि के अनुसार 31 राज्य/संघ राज्य क्षेत्र एनसीएस पोर्टल के साथ एकीकृत हो चुके हैं, जिनमें 8 राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र ऐसे हैं जो एनसीएस पोर्टल का प्रत्यक्ष रूप से उपयोग कर रहे हैं।

*****